जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-30 जयपुर, सोमवार, 10 अगस्त, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4


## कला मंजर संस्था ने 'एक तिरंगा- एक भारत' कार्यक्रम में सम्मान समानता और समावेशन का दिया संदेश

**जयपुर (हमारा वतन)**

कला मंजर संस्था द्वारा संचालित हैंड्स टुगेदर अभियान के अंतर्गत कोणार्क अकादमी सोसायटी के सहयोग से एक तिरंगा- एक भारत सम्मान, समानता, समावेशन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार, 7 अगस्त 2026 को उमंग स्कूल, जयपुर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल बी. बी. पटनायक और प्रतिमा पटनायक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नृत्य गुरु व अभिनेत्री उषा श्री ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान की सुप्रसिद्ध लोक गायिका एवं मरू कोकिला सीमा मिश्रा उपस्थित रहीं।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बसंत जैन तथा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त लघुचित्र कलाकार अजय गर्ग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का आयोजन कला मंजर संस्था एवं हैंड्स टुगेदर अभियान की संस्थापक मीनाक्षी माथुर के नेतृत्व में किया गया। मंच संचालन शिवानी शर्मा द्वारा





प्रभावी एवं आकर्षक ढंग से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रतिमा पटनायक के नेतृत्व में सामूहिक रूप से वन्दे मातरम् राष्ट्गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई।

स्वागत उद्बोधन संस्था की संस्थापक मीनाक्षी माथुर ने दिया। उन्होंने कार्यक्रम की भावना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक तिरंगा- एक भारत केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और समावेशन के माध्यम से समाज को जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है। सभी अतिथियों का सम्मान स्मृति-चिह्न, तिरंगा चुनरी एवं तिरंगा बैच भेंट कर किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का क्रम अत्यंत आकर्षक एवं विविधतापूर्ण रहा। श्री निर्मल विवेक स्पेशल स्कूल के अंशुल सैनी ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं विद्यालय के विद्यार्थियों ने संगीतमय बैंड प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की।

अंजली करोटिया ने संस्कृत में वन्दे मातरम् की मधुर प्रस्तुति दी। करुण स्पर्श फाउंडेशन की समायरा ने नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतिमा पटनायक, अनिल वर्मा (जयपुर), पूनम माथुर, बिट्टू वर्मा, पप्पू सिंह तथा डॉ. अंशुमान जामदड़े ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

शिवेन सिंघल की वाद्य-यंत्र प्रस्तुति तथा नन्हे कदम एनजीओ के बच्चों का समूह नृत्य भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। कामिनी देवी एवं सुनीता खींची ने अपने मनमोहक नृत्य से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति मरू कोकिला सीमा मिश्रा के मधुर लोकगीत रहे, जिन्होंने अपनी सुमधुर गायकी से उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कर्नल बी. बी. पटनायक ने कहा कि समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कला मंजर संस्था एवं हैंड्स टुगेदर अभियान द्वारा किए जा रहे इस प्रेरणादायी प्रयास की सराहना की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में उषा श्री ने कला को समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए सभी कलाकारों एवं आयोजकों की प्रशंसा की। अंत में संस्था की संस्थापक मीनाक्षी माथुर ने सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगी संस्थाओं, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित करके मनाया बेटी का जन्मदिन

**उदयपुर (हमारा वतन)।** उदयपुर जिले के सायरा ब्लॉक के शिक्षक आचार्य नरेन्द्र शास्त्री ने अपनी बेटी यशस्वी यादव का पहला जन्मदिन स्कूल के विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित



करके मनाया। इस दौरान तकरीबन 80 से अधिक विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। भँवरलाल घोघरा ने बताया कि जन्मदिन पर महंगी पार्टियां करने से बेहतर है आप इस तरह की परंपरा बच्चों के साथ शुरू करे। इस दौरान नरेन्द्र शास्त्री, कर्णसिंह दलावत, अन्नाराम हिंगड़ , सुनिल कुमारी ओर भँवरलाल घोघरा सहित स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।






## एक पेड़ मां के नाम: डॉक्टर विनय कंसल ने किया वृक्षारोपण

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान- 'वृक्षारोपण केवल एक दायित्व नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है' तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा घोषित 'मिशन 70 लाख पौधारोपण अभियान' के अंतर्गत त्रिनगर में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कन्हैया नगर आरडब्ल्यूए ऑफ त्रिनगर द्वारा कन्हैया नगर स्थित महर्षि दयानंद पार्क (नेपाल वाला बाग) में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 251 मोगरा एवं चमेली के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक तिलक राम गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद मंजू संजय शर्मा, प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. विनय कंसल, अग्रवाल समाज त्रिनगर के प्रधान अनिल बंसल तथा कन्हैया नगर RWA के अध्यक्ष संजीव दुबे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में त्रि नगर क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, RWA पदाधिकारियों, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं डीडीए के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और दिल्ली को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने का संकल्प दोहराया।

## डॉ. राहुल शर्मा के जन्मदिन पर हुआ भव्य अभिनंदन

**जयपुर (हमारा वतन)।** डॉ. राहुल कुमार शर्मा का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर मंगलम् मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, चौमूं के डायरेक्टर महेंद्र यादव एवं मुकेश यादव, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. पारुल यादव, भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के संभाग प्रभारी आकाश शर्मा, अतिरिक्त संभाग प्रभारी कपिल एवं सुनील शर्मा मोरीजा सहित टीम के सदस्यों ने डॉ. राहुल शर्मा का साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया तथा केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



डॉ. राहुल कुमार शर्मा वर्तमान में मंगलम् मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, चौमूं में दंत चिकित्सा की सेवाएं दे रहे हैं। वहीं ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तिवारी ने भी डॉ. राहुल कुमार शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। डॉ. राहुल कुमार शर्मा ने सभी वरिष्ठजनों, चिकित्सकों, साथियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।


# स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज़ होगी शॉर्ट फिल्म 'सच्ची आजादी'

**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित देशभक्ति से ओतप्रोत शॉर्ट फिल्म 'सच्ची आजादी' स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज़ की जाएगी। इसकी शूटिंग जयपुर जिले के चौमूं कस्बे में की गयी थी।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि आज के इस आधुनिक युग में देशभक्ति ने दिखावे का रूप ले लिया है, लोग सोशल मीडिया पर सिर्फ़ दिखावे के लिए देशभक्ति से संबंधित पोस्ट करते हैं। लेकिन आज भी ऐसे लोग हैं जिनके सीने में देशभक्ति जिंदा है। इसी देशभक्ति की बदौलत हमारे देश में सच्ची आजादी का पता चलता है। तिरंगा ही हमारे देश का मान और सम्मान है।

इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही मोहन सैनी, पंडित रविंद्र आचार्य, राजकमल डूडी, शेर सिंह कुमावत, सोनू शर्मा, संदीप शर्मा, रजनीश सैनी, मीना, प्रिया, अक्षिता, अंतिमा, विहान, दिव्यांश, यशित आदि भी अभिनय कर रहे हैं।

वहीं फिल्म के सह-निदेशक संदीप शर्मा ने बताया कि संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर इंडिया यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी। इससे पहले भी 'अनमोल जीवन' और 'अपमान' जैसी शॉर्ट फिल्मों को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला है। एडिटिंग रजनीश सैनी की रहेगी।




# हाथनौदा में 3 दिवसीय निःशुल्क न्यूरोथेरेपी उपचार एवं प्रशिक्षण कैम्प का होगा आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** नारायण सेवा न्यूरोथेरेपी केन्द्र द्वारा हाथनौदा,तहसील चौमूँ, जयपुर में 3 दिवसीय निःशुल्क न्यूरोथेरेपी उपचार एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन न्यूरोथेरेपी के जनक डॉ. लाजपतराय मेहरा के 94वें जन्मदिन के अवसर पर 'न्यूरोथेरेपी-डे' के रूप में आयोजित किया जाएगा। कैम्प के संचालक कल्याण सिंह गुर्जर ने बताया कि निःशुल्क न्यूरोथेरेपी प्रशिक्षण 21 अगस्त एवं 22 अगस्त 2026 को एवं निःशुल्क न्यूरोथेरेपी उपचार 23 अगस्त 2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएँ मिलेंगी। न्यूरोथेरेपी की सुपरस्पेशलिस्ट टीम द्वारा मरीजों का डायग्नोज एवं उपचार किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के लिए किसी विशेष शिक्षा या उम्र की आवश्यकता नहीं है। कोई भी सेवाभावी पुरुष, महिला अथवा छात्र इसमें भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण एवं उपचार हेतु पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क है।

कैम्प के संचालक कल्याण सिंह गुर्जर पूर्व सैनिक, सीनियर न्यूरोथेरेपिस्ट हैं। निःशुल्क रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें- मोबाइल नंबर- 9928437473, 9602371451, 9257352142.





स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**राजस्थान खादी विकास मण्डल**

गोविंदगढ़ - मलिकपुर, जिला - जयपुर (राजस्थान)
पिन-303712, संपर्क -7597928160

खादी आर्थिक आज़ादी की प्रतीक है,
खादी वर्गभेद को मिटाती है

खादी व ग्रामोद्योग अपनाइए, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

**संस्था के बिक्री केन्द्र**

खादी भण्डार, बापू बाजार- उदयपुर, खादी भण्डार, एम. आई. रोड- जयपुर, खादी भण्डार- सीकर, खादी भंडार- रेनवाल, खादी भण्डार - नवलगढ़, खादी आश्रम - सांभर लेक, खादी आश्रम - दांतारामगढ़, खादी आश्रम -बांसा और खादी आश्रम -गोविंदगढ़।

संस्था के मुख्य उत्पाद - सूती खादी, दरी कामदार, ऊनी खादी - जेंट्स शॉल, लेडीज़ शॉल, ट्वीड व रेडीमेड।
पोलिवस्त्र - टीटी, शर्टिंग गाढ़ा ।
अखाद्य तेल से निर्मित कपड़े धुलाई का साबुन
और सभी प्रकार का स्टील फर्नीचर।

कृपया हमारे उपरोक्त भंडारों से खादी व ग्रामोद्योग खरीद कर अनुग्रहित करें।

निवेदक - समस्त संस्था परिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान**

सरकारी स्कूल के पीछे,बुनकर बस्ती,कंवरपुरा कुम्भपुरिया,
तहसील-चौमूं, जिला-जयपुर (राज.) -303804,
संपर्क -9799659939

**बिक्री केंद्र**

कुम्भपुरिया,चौमूं, जयपुर (राज.), शिकारगढ़ ,जोधपुर (राज.),

प्रमुख उत्पाद - सूती खादी, ऊनी, रेशमी, पोलिवस्त्र एवं ग्रामोद्योग उत्पाद ।

हर हिन्दुस्तानी का एक ही नारा
खादी वस्त्र के साथ विचार हमारा !

संरक्षक - ओमकार मल गहलोत

अध्यक्ष - गंगाराम वर्मा | मंत्री - पूरणमल बुनकर
कार्यालय मंत्री- अंकित बुनकर | व्यवस्थापक - हीरा देवी

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

संस्था के केन्द्र
उत्पादन केंद्र : 4 ▸ बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 ▸ होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी ❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

शाखा केन्द्र
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री


## जॉब्स

1. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद स्टेनोग्राफर ग्रेड थर्ड, पद संख्या 163, अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026
2. इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम पद सीएस, डीए व ईसी, पद संख्या 133, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2026
3. इसरो, पद ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप, पद संख्या 410, अंतिम तिथि 28 अगस्त 2026
4. नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 677, अंतिम तिथि 19 अगस्त 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद सेक्शन कंट्रोलर, पद संख्या 119, अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026
6. राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, पद जूनियर इंजीनियर/जूनियर अकाउंटेंट, पद संख्या 2005 अंतिम तिथि 25 अगस्त 2026
7. एम्स नॉर्सेट 2026, पद नर्सिंग ऑफिसर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 13 अगस्त 2026
8. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद फिजियोथैरेपिस्ट, पद संख्या 20, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2026



## विधानसभा चौमूं में अटल पथ निर्माण के लिए पूर्व विधायक ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को लिखा पत्र

जयपुर (हमारा वतन)

चौमूँ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में सुगम आवागमन हेतु भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी को पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने चौमूँ क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'अटल पथ' निर्माण की तत्काल वित्तीय स्वीकृति जारी करने का आग्रह किया है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का सुदृढ़ीकरण आमजन की मूलभूत आवश्यकता है। बेहतर सड़कों से न केवल ग्रामीणों का आवागमन आसान होता है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों में अटल पथ निर्माण के लिए अनुशंषा की गई है, जिनमें ग्राम पंचायत जैतपुरा में नखराली ढाणी से अनन्तपुरा सीमा तक,ग्राम पंचायत चीथवाड़ी में चीथवाड़ी-मोरीजा सड़क से गागोरिया की ढाणी तक, ग्राम पंचायत अनन्तपुरा में खाल्डा से भोजलावा रोड तक, ग्राम पंचायत सिंगोदकलां में कल्याण मोड (डामर रोड) शिव मंदिर से बिजली वाली ढाणी होते हुए श्री करणीपुरा तक, ग्राम पंचायत किशनमानपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से मावलियों की ढाणी होते हुए वाया लेसवा की ढाणी से दादिया सीमा तक सड़क निर्माण की मांग की गई है।

रामलाल शर्मा ने कहा कि चौमूँ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल्द ही इन सड़कों की स्वीकृति मिलेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को जल्द ही सुगम और सुरक्षित राह की सौगात मिलेगी।

## जेन जी हमारे देश की ताकत और बहुत बड़ी धरोहर-कंगना रनौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा संचालित कार्यक्रम में जेन-जी और जेन-अल्फा के साथ बातचीत का समर्थन करते हुए अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को मीडिया संग बातचीत में जेन जी को भारत की धरोहर बताया। छात्रों के प्रदर्शन पर और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के जेन-जी को लेकर दिए बयान पर कंगना ने कहा, जेन-जी भी इस देश का हिस्सा है। उनकी बहुमत की वजह से ही हमारी सरकार सत्ता में है। ऐसा नहीं है कि प्रदर्शन में गाली देने वाले ही सिर्फ जेन-जी हैं। आज झारखंड में बच्चे कितने अच्छे से प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे युवा देश के लिए मेडल लेकर आ रहे हैं। मैं सिर्फ यही कहना चाहूंगी कि कुछ लोग ही जेन-जी का नाम खराब कर रहे हैं। जेन-जी हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हमें उन पर गर्व है। उन्होंने कहा, जेन जी हमारे देश की ताकत और एक बहुत बड़ी धरोहर है।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❐ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्ड़ार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।

❐ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

हमारे उत्पाद

सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष — गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री

चमेल सिंह : उपाध्यक्ष — महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❈ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❈ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❈ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❈ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❈ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❈ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❈ खादी निकेतन, बागीदौरा
❈ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष — स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता — इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा**

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

हमारे बिक्री भण्डार

❐ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❐ खादी भण्डार बूंदी ❐ खादी भण्डार झालावाड़ ❐ खादी भण्डार बारां ❐ खादी भण्डार इटावा ❐ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❐ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

उत्पादन केन्द्र

- खादी आश्रम कोटा
- खादी आश्रम बूंदी
- खादी आश्रम मांगरोल
- खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष — कमल किशोर शर्मा - मंत्री

राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष — प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी ग्रामोद्योग भण्डार**



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)**

हमारे खादी उत्पादन

दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद

शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़ ■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष — धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष — राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# बड़े काम के होंगे छोटे प्लास्टिक नोट

अब चलेंगे प्लास्टिक के नोट। केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी है कि दस और बीस रुपये के सौ-सौ करोड़ प्लास्टिक के नोट छापे जाएं। इन नोटों के आने के साथ ही भारत की मुद्रा व्यवस्था में एक नए दौर की शुरुआत हो जाएगी। हालांकि, यह नया विचार नहीं है। इस पर पहले से ही काम चल रहा है और 2010-12 के दौरान तो रिजर्व बैंक ने आंध्र प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, कर्नाटक, शिमला, कोच्चि, मैसूर, भुवनेश्वर और जयपुर सहित कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में दस रुपये के ऐसे नोटों को परीक्षण के तौर पर चलाकर भी देखा था। पता चला है कि तब कुछ शिकायतें मिली थीं। इनमें ज्यादा गर्मी से इन नोटों के सिकुड़ने या चिपकने की आशंका थी और एटीएम या नोट गिनने वाली मशीनों में इन नोटों के लिए जरूरी इंतजाम की कमी भी। नोटों की लागत भी एक समस्या लग रही थी। हालांकि, रिजर्व बैंक की तरफ से इस परीक्षण की कोई ऐसी रिपोर्ट या समस्याओं की सूची सामने नहीं आई। अब काफी अध्ययन और तैयारी के बाद बड़े पैमाने पर ट्रायल की योजना सामने रखी गई है।यहां प्लास्टिक शब्द का इस्तेमाल भ्रामक हो सकता है, क्योंकि मुद्रा या खर्च के संदर्भ में प्लास्टिक का अर्थ अभी तक क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड जैसे भुगतान के तरीके ही माने जाते रहे हैं। यहां जिन करेंसी नोटों का जिक्र हो रहा है, वे रासायनिक तौर पर भी प्लास्टिक के नहीं, बल्कि एक खास किस्म के पॉलीप्रोपिलीन या पॉलिमर से बने नोट होते हैं, इसलिए इन्हें पॉलिमर नोट कहना बेहतर होगा। ये नोट बेहद उन्नत और बारीक तकनीक से तैयार होते हैं, जिसके कारण इनको बहुत मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ माना जाता है।बहुत से देशों में ये नोट सफलतापूर्वक चल भी रहे हैं। इनमें भारत के पड़ोसी भूटान और मालदीव जैसे देश भी शामिल हैं। दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी अनेक ऐसे देश पॉलिमर नोटों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनकी भौगोलिक परिस्थितियां, मौसम और पर्यावरण भारत जैसे हैं। असल में, नए पॉलिमर नोट पर विशेष कोटिंग होती है, जिससे ये आसानी से आपस में चिपकते नहीं हैं और इनकी सतह लंबे समय तक सुरक्षित रहती है।इस दौरान बैंकिंग कारोबार में भी काफी तरक्की हो चुकी है और नए एटीएम, पैसा जमा करने वाली मशीनें, करेंसी गिनने व छांटनेवाली मशीनें भी पॉलिमर नोटों को पहचानने, गिनने और छांटने के काम कर सकती हैं। यानी, पिछले पायलट प्रोजेक्ट के सामने जो अड़चनें आईं, उनमें से ज्यादातर अब दूर हो चुकी हैं। जाहिर है, अगर भारत बड़े पैमाने पर इन नोटों को अपनाता है, तो फिर बैंकिंग सिस्टम के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। हालांकि, उसके लिए वक्त है, क्योंकि अभी जो दस और बीस रुपये वाले नोट जारी होने हैं, वे एटीएम में नहीं डाले जाते। पॉलिमर नोटों की सबसे बड़ी खासियत उनकी लंबी उम्र, यानी टिकाऊपन है। खासकर, छोटे नोट, जैसे दस और बीस रुपये वाले, क्योंकि बहुत ज्यादा इस्तेमाल होते हैं, इसलिए जल्दी फट जाते हैं, गंदे हो जाते हैं या फिर धूल, पसीने व नमी से खराब हो जाते हैं। इसीलिए भारत जैसे देश में दस-बीस रुपये के नोटों की औसत उम्र काफी कम हो जाती है। पॉलिमर नोट कागज के नोटों के मुकाबले ढाई से चार गुना ज्यादा समय तक चल सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ये नोट अगर कुछ महंगे भी पड़ते हैं, तब भी सरकार और रिजर्व बैंक का खर्च आखिरकार कम हो जाएगा, क्योंकि नए नोट छापने की जरूरत धीरे-धीरे कम होने लगेगी। पॉलिमर नोटों का एक और बड़ा फायदा है नकली नोटों से मुकाबला। अभी छोटे नोटों का परीक्षण है, जिसमें नकली नोटों की समस्या कम होती है, पर पॉलिमर नोटों में कुछ हिस्सा एकदम खिड़की की तरह पारदर्शी हो जाता है। इनमें काफी पेचीदा 'होलोग्राफिक इफेक्ट' इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसके अलावा उन्नत किस्म की सुरक्षा के लिए ऑप्टिकल और दूसरे तत्व भी काफी आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं।


राम गोपाल सैनी

# छात्रों व शिक्षकों के एक-एक पौधा लगवाने से बनेगा हरित विद्यालय परिसर-वृक्षमित्र डॉ. सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)**

रायपुर ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालिकाढ़ाल में चल रहे निर्वाचन नामावली कार्य के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डोईवाला शिवानी कौशल व ग्राम प्रधान भोपालापनी रघुवीर सिंह चुनार के गरिमामय उपस्थिति में पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में तेजपत्ता, आंवला, बॉटलब्रास के पौधों का रोपण किया गया।

डॉ. सोनी ने सैरासरोली प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका अन्नू जोशी को अपने विद्यालय में लगाने के लिए तेजपत्ता, बॉटलब्रास, आंवला, अमलतास के पौधे उपहार में भेंट कर विद्यालय में लगाने को दिए और भोजन माता कमला कंडारी को तेजपात का पौधा उपहार में भेंट किया।

निर्वाचन नामावली (एसआईआर) ड्यूटी के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी शिवानी कौशल ने कहा प्रकृति की सेवा मानव सेवा है धरती में हरियाली लाने व प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए हर परिवार के सदस्य को एक एक पौधा लगाना चाहिए। वहीं वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने जन जन से इस बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की। कहा कि जिस उम्मीद से जीवन दाता ने हमें इस धरती में भेजा है ताकि हम प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर अपने आनेवाले पीढ़ी के लिए रख सके। हमारे बुजुर्ग बहुत कम पढ़े लिखे थे लेकिन उन्होंने पर्यावरण का दोहन नहीं किया एक सुंदर हरियाली हमारे लिए रखा हैं इसी तरह हमें भी अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए ऐसा ही पर्यावरणीय संतुलन बनाकर रखना होगा तभी हमारा इस धरती में आना सार्थक होगा।

पौधारोपण कार्यक्रम में गौरी शंकर जोशी, कमला कंडारी, मुरारी लाल कोठारी, धर्मवीर सिंह पंवार, लतादेवी, दुर्गा देवी, हीरा मनवाल, अनिल आदि मौजूद रहे ।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित
भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए
''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''
- महात्मा गांधी
11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)
सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत
ब्रजकिशोर शर्मा, अध्यक्ष
अनिल शर्मा, मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
अंबेडकर विकास समिति चौमूं
जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार
1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001
हमारे उत्पाद
दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान
मोहन लाल बुनकर, अध्यक्ष
रामजी लाल वर्मा, मंत्री
शंकर लाल वर्मा, सहा. मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।